# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति सं0–PR.....01......./2023

**वाणिज्य संकाय के लिए माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 के आयोजन एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन पत्र भरे जाने के संबंध में इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना**

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–09/STET-01/2021-743 दिनांक 16.12.2022 के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए **पेपर–2** के तहत वाणिज्य संकाय के विषयों की माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 आयोजित किया जाना है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–

1. **संरचना :**

क. पात्रता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।

ख. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

ग. निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

2. **परीक्षा के विषय :**

**पेपर–II** (उच्च माध्यमिक) के तहत वाणिज्य संकाय के विषय का विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र.सं. | विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1 | बिजनेस स्टडीज | 209 |
| 2 | एकाउन्टेंसी | 210 |
| 3 | इन्टरप्रेन्योरशिप | 211 |

3. **पाठ्यक्रम :**

**पेपर–II** (उच्च माध्यमिक) के तहत आने वाले वाणिज्य संकाय के विषयों के लिए राज्य के विश्वविद्यालयों में लागू स्नातक (प्रतिष्ठा) स्तरीय पाठ्यक्रम।

4. **प्रश्नपत्र पैटर्न :**

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों में 100 अंक निर्दिष्ट विषय वस्तु से होंगे तथा 50 अंक शिक्षण कला, अन्य दक्षताओं पर आधारित होंगे :–

| | | |
|---|---|---|
| निर्दिष्ट विषयवस्तु | – | 100 |
| शिक्षण कला एवं अन्य दक्षता | – | 50 |
| कुल अंक | – | 150 |

5. **अर्हता :**

(क) आवेदक भारत का नागरिक हो तथा बिहार राज्य का निवासी हो।

(ख) बिहार नगर निकाय/जिला परिषद् माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवा (नियुक्ति, प्रोन्नति, स्थानान्तरण, अनुशासनिक कार्रवाई एवं सेवा शर्त) नियमावली, 2020 द्वारा निर्धारित योग्यता/अर्हताधारी अभ्यर्थी उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद हेतु माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के परीक्षार्थी हो सकते हैं।

(ग) पेपर–II के तहत वाणिज्य संकाय के अंतर्गत आने वाले विषयों में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से 50 प्रतिशत अंकों संहित स्नातकोत्तर की डिग्री। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग एवं महिला को न्यूनतम निर्धारित अंक में 05 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(घ) माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को आवेदन की तिथि तक प्रशैक्षणिक (बी.एड.) की योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा।

6. **उम्र सीमा एवं छूट**

(क) माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2022 में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 01.08.2022 को अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष की होगी। सभी कोटि के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(ख) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के संकल्प संख्या–294 दिनांक 07.11.2016 द्वारा किये गये प्रावधानानुसार कोटिवार उम्मीदवारों की अधिकतम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| क्र.सं. | कोटि | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित (पुरूष) | 37 वर्ष |
| 2 | अनारक्षित (महिला) | 40 वर्ष |
| 3 | पिछड़ा वर्ग (पुरुष / महिला) | 40 वर्ष |
| 4 | अति पिछड़ा वर्ग (पुरुष / महिला) | 40 वर्ष |
| 5 | अनुसूचित जाति (पुरुष / महिला) | 42 वर्ष |
| 6 | अनुसूचित जनजाति (पुरुष / महिला) | 42 वर्ष |

(ग) सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–962 दिनांक 22.01.2021 में किये गये प्रावधानानुसार दिव्यांग अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जायेगी।

(घ) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र संख्या–5374 दिनांक 02.04.2013 में किये गये प्रावधानानुसार भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा में 03 वर्ष तथा प्रतिरक्षा सेवा में बिताई गई सेवा अवधि के योग के समतुल्य रियायत दी जायेगी, बशर्ते कि उनका वास्तविक उम्र आवेदन के समय 57वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7. **उत्तीर्णांक :**

(क) सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–2374 दिनांक 16.07.2007 के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2022 का उत्तीर्णांक निम्नवत् होगा :–

| क्र.सं. | कोटि | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 50% अंक |
| 2 | पिछड़ा वर्ग | 45.5% अंक |
| 3 | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 42.5% अंक |
| 4 | अनु0जाति / अनु0जनजाति | 40% अंक |
| 5 | दिव्यांग | 40% अंक |
| 6 | महिला | 40% अंक |

8. **प्रमाण–पत्र**

(क) माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2022 में पेपर–II में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को उत्तीर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

(ख) विभागीय आदेश ज्ञापांक–11 / वि1–34 / 2009–893 दिनांक 22.06.2021 के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2022 के उत्तीर्णता प्रमाण पत्र वैधता जीवनपर्यन्त (Life time) होगी।

9. <u>नॉर्मलाइजेशन</u> **(Normalization) :**

(क) ऑनलाईन विधि से आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षाएँ, जिनमें अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा होती है, का आयोजन एक से अधिक पालियों (Sitting)/तिथियों (Dates) में किया जाता है। ऐसी परीक्षाओं में सामान्यता अलग–अलग पालियों में प्रश्न पत्रों के अलग–अलग कठिनाई स्तर होने के कारण इन परीक्षाओं का परीक्षाफल तैयार करने के पूर्व Normalization की विधि अपनाई जाती है, ताकि किसी विशेष पाली के अभ्यर्थियों को कोई लाभ या हानि नहीं हो। इसलिए इस परीक्षा में भी Normalization विधि अपनाकर परीक्षाफल प्रकाशित किया जायेगा।

(ख) Normalization की प्रक्रिया Variation of Z-Score Normalization Method से की जाएगी। उक्त प्रक्रिया के उपरान्त अभ्यर्थी का जो भी Normalized Score होगा, वही अभ्यर्थी का प्राप्तांक होगा। अभ्यर्थियों की उत्तीर्णता अथवा अनुत्तीर्णता का निर्धारण इसी प्राप्तांक (Normalised Score) के आधार पर कंडिका संख्या–07 में दिए गए उत्तीर्णांक प्रतिशत के अनुसार होगा, न कि Raw Score(Raw Score = सही प्रश्नोत्तर के आधार पर प्राप्त अंक) के आधार पर।

(ग) उदाहरणस्वरूप; किसी सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का 150 अंकों की परीक्षा में Raw Score 76 है तथा Normalization प्रक्रिया के उपरान्त उसका Normalized Score 74.90 आता है तो निर्धारित उत्तीर्णांक (150 का 50% = 75) प्राप्त नहीं करने के कारण अभ्यर्थी का रिजल्ट अनुत्तीर्ण घोषित होगा।

(घ) यद्यपि कि परीक्षा में गलत उत्तर हेतु निगेटिव मार्किंग का प्रावधान नहीं है, किन्तु Normalization की प्रक्रिया में अपेक्षाकृत अधिक प्रश्नों के गलत उत्तर दिए जाने की स्थिति में Normalization Score में ऋणात्मक प्रभाव आ सकता है।

10. **<u>परीक्षा शुल्क (Examination Fee)</u>**

| क्रम सं० | श्रेणी | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|
| 1 | सामान्य वर्ग / आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग / पिछड़ा वर्ग / अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | 960/–रू० |
| 2 | अनुसूचित जाति/अनु0जनजाति/दिव्यांग | 760/–रू० |

11. **<u>प्रवेश परीक्षा की अवधि :</u>**

ऑनलाईन विधि से आयोजित माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 की अवधि 150 मिनट (2:30 घंटा) की होगी।

12. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि :**

उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु केवल निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क दिनांक **03.01.2023** से **17.01.2023** तक स्वीकार किये जाएँगे।

13. **परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि :**

अभ्यर्थी समिति के वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **<u>http://biharboardonline.bihar.gov.in</u>** पर जाकर लिंक–**https://register.cbtexams.in/BSEB/Registration/** पर Click करना होगा। Click करने पर Secondary Teacher Eligibility Test (STET), **2022** का लिंक खुलेगा, जिस पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व आवेदक सुनिश्चित हो लें कि उनके पास उनका अपना कार्यरत

ई–मेल आई0 डी0 तथा मोबाईल नम्बर मौजूद है। अभ्यर्थी अपना ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल नम्बर अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे ।

14. **परीक्षा आवेदन–पत्र समिति के वेबसाईट पर भरने की विस्तृत विधि निम्नवत् है :**

(i) बेवसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** अथवा **http://biharboardonline.bihar.gov.in** पर आवेदन की प्रक्रिया दो चरण में पूर्ण होगी।
(i) पंजीकरण, (ii) फॉर्म भरना।

(ii) **पंजीकरण**–प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register (New Candidate)" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। रजिस्ट्रेशन पेज पर आवेदक अपनी संबंधित सूचनाऍं भरेंगे एवं submit बटन पर क्लिक करेंगे । आवेदक द्वारा "Submit and Continue" बटन पर क्लिक करने से पहले भरे गये सभी विवरणों की जांच सावधानिपूर्वक करनी होगी, क्योंकि इसके बाद के चरण में आवेदन में परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी। Submit करने के पश्चात आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से एवं पंजीकृत ई–मेल आई0डी0 पर आवेदन संख्या (यूजर आई0डी0) एवं पासवर्ड भेजा जायेगा, जिसका उपयोग करते हुए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए आवेदक आगे Log in कर सकेंगे।

(iii) **फॉर्म भरना**– आवेदक के मोबाईल एवं ई–मेल पर उपलब्ध कराये गये आवेदन संख्या एवं पासवर्ड के सहयोग से पोर्टल के मुख्य पेज पर Log in करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। आवेदन प्रपत्र में कुछ बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन के समय भरा गया है। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विवरण भरेंगे।

(iv) **अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किया हुआ साइज 100kb से 150 kb तक एवं आयाम 3.5cm× 4.5 cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 50kb से 100 kb तक होना चाहिए।

(v) रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं फोटोग्राफ का Background सफेद अथवा हल्के रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए फोटोग्राफ में अभ्यर्थी की ऑंखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।

(vi) फोटो खींचवाने के समय सिर पर टोपी या कोई कपड़ा तथा काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।

15. **प्रमाण पत्रों को अपलोड करना**: अभ्यर्थी निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति अपलोड करेंगे :–

a) मैट्रिक($10^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए) ।
b) इंटर ($12^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र ।
c) स्नातक का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
d) स्नातकोत्तर का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
e) बी.एड. का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र।
f) अन्य शैक्षणिक योग्यता (यदि हो तो) ।
g) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र
h) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा जाति प्रमाण पत्र
i) अत्यंत पिछड़ा वर्ग/ पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा क्रीमिलेयर रहित अद्यतन प्रमाण पत्र /

**(नोट : आरक्षण का दावा करनेवाली विवाहित महिलाओं की जाति/अद्यतन क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र उनके पिता के नाम एवं पता से निर्गत होना चाहिए न कि उनके पति के नाम से)**

j) दिव्यांगता का दावा करने की स्थिति में विहित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्संबंधी प्रमाण पत्र ।

k) भूतपूर्व सैनिक के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट का लाभ लेने के लिए भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र।

l) **अभ्यर्थी भुगतान करने के पूर्व VIEW बटन को CLICK कर अपने द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र को पुनः जांच कर लें। यदि ऑनलाईन भरे गये आवदेन पत्र में कोई त्रुटि हो तो EDIT बटन को CLICK कर अपना वांछित विवरण सुधार करते हुए अपने आवेदन को सुरक्षित करने के लिए SAVE बटन पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Make Payment बटन पर CLICK कर भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे।**

16. **परीक्षा शुल्क का भुगतान**–परीक्षा शुल्क की राशि Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं होगा।

17. अभ्यर्थी का यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को अभ्यर्थी भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे।

18. **सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के बाद भरे गये परीक्षा आवेदन पत्र को पुनः एक बार ध्यानपूर्वक जॉच कर लें । यदि कोई त्रुटि हो तो अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण विवरण को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि तक समिति के वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com अथवा http://biharboardonline.bihar.gov.in पर जाकर लिंक–https://register.cbtexams.in/ BSEB/Registration/ पर Click कर निश्चित रूप से सुधार कर लें।**

**नोटः–ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

19. यह आवश्यक है कि Online परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ या दूसरे के द्वारा भराया गया अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

20. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण अथवा उनके द्वारा अपलोड किये गये अभिलेख गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

21. घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।

22. आवेदन शुल्क जमा करने के पश्चात आवेदक अपने आवेदन फार्म की एक हार्ड कॉपी डाउनलोड करेंगे एवं सुरक्षित संधारित रखेंगे। भरे गये आवेदन मेंकिसी प्रकार की जानकारी गलत पाये जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त हो जायेगी।

23. इस परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना, सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के अंतर्गत परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों तक ही प्राप्त किया जा सकेगा।

24. इस परीक्षा से संबंधित पृच्छा/जानकारी के लिए **हेल्प लाईन नम्बर– 8866678549** एवं **8866678559** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **Helpdesk email ID : BSEB.Helpdesk@cbtexams.in** पर भेजी जा सकती है।

25. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि सभी तरह की अग्रेत्तर सूचनाओं के लिए वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com या http://biharboardonline.bihar.gov.in का अवलोकन करते रहेंगे।

26. अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने के उपरान्त माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 से संबंधित किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

27. अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा शुल्क की राशि नहीं जमा होने की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दी जाएगी, जिसकी जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 ......02....../2022 पटना, दिनांक ....02.../....01...../2022

प्रतिलिपि: 1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को दैनिक समाचार–पत्रोंमें प्रकाशनार्थ प्रेषित।

2. प्रोजेक्ट मैनेजर, Edutest Services (P) Ltd., अहमदाबाद, गुजरात को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. उप निदेशक, आई0टी0 (ओ0एफ0एस0एस0), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित एवं अनुरोध है कि सभी संबंधित को इस विज्ञप्ति से अवगत कराया जाए। साथ ही इसे समिति के BSEB Information App पर अपलोड कर दिया जाय तथा अपनी निगरानी एवं पर्यवेक्षण में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय।

4. वित्त पदाधिकारी/लेखा पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में शाखा प्रबन्धक Punjab National Bank, Boring Road Branch, Patna को परीक्षा आवेदन शुल्क की राशिसमिति की खाता संख्या–2910000100296765, IFSC Code - PUNB0291000 में जमा करने हेतु आवश्यक निदेश देने का कष्ट किया जाए।

5. शाखा प्रबंधक, Punjab National Bank, Boring Road Branch, Patna से अनुरोध है कि माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2022 का Online परीक्षा शुल्क समिति के खाता संख्या–**2910000100296765**, **IFSC Code - PUNB0291000**में जमा करने की व्यवस्था की जाए।

6. अपर सचिव, भण्डार (मा0) बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

7. सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

8. निदेशक (मा0शि0), शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

9. प्रबन्ध निदेशक, बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10. अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

11. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना